तनाव के बीच दुकानों के अवैध हिस्सों को तोड़ा

ननि अतिक्रमण दस्ते की मंडी मदार टेकरी, कछपुरा में कार्रवाई

नवभारत,जबलपुर। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर जिला एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से मंडी मदार टेकरी से बहोराबाग तक सघन अभियान चलाकर अवैध कब्जों को हटाया गया। कार्रवाई के संबंध में अपर आयुक्त अरविंद शाह एवं अतिक्रमण प्रभारी मनीष तड़से ने बताया कि कार्रवाई के दौरान नगर निगम के अतिक्रमण अमले के साथ हनुमानताल, घमापुर और यातायात थाने का भारी पुलिस बल तैनात रहा। दुकानों के बाहर निकले हुए अवैध हिस्सों को तोड़ा गया और फुटपाथ पर रखे सामान को जब्त भी किया गया। इस दौरान सड़क पर बाधा बन रहे ठेले, टपरों और लावारिस खड़े वाहनों को क्रेन की मदद से जब्त किया गया। वहीं कछपुरा क्षेत्र में भी एक पुराने अनधिकृत अतिक्रमण को माननीय न्यायालय के आदेशानुसार पूरी तरह जमींदोज कर दिया गया है।

अतिक्रमण प्रभारी के अनुसार मंडी मदार टेकरी क्षेत्र में लंबे समय से यातायात बाधित होने की शिकायतें मिल रही थीं। व्यापारियों द्वारा फुटपाथ पर सामान फैलाकर विक्रय किया जा रहा था, जिससे आम नागरिकों का पैदल चलना भी दूभर हो गया था। इसके बाद अमले ने यहां भी पहुंचकर कार्रवाई की जिसके बाद ये मार्ग पूरी तरह खुल गया है और आवागमन सुगम हुआ है।

कब्जाधारियों को दी गई सख्त हिदायत

कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियों को सख्त हिदायत दी गई है कि यदि दोबारा सड़क पर कब्जा किया गया, तो न केवल सामान जब्त होगा बल्कि उन पर भारी जुर्माना भी लगाया जाएगा। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह केवल एक दिन की कार्रवाई नहीं है। रात्रिकालीन अभियान भी चलाया जा रहा है ताकि रात के समय सड़कों पर खड़े होने वाले वाहनों और ठेलों की वजह से जाम की स्थिति निर्मित न हो। कार्रवाई के समय सहायक अतिक्रमण निरोधक अधिकारी अखिलेश सिंह भदौरिया, एकता रघुवंशी तथा सहायक परिवहन एवं यातायात प्रबंधन अधिकारी दीपेंद्र सिंह रावत, अन्य संबंधित स्टाफ उपस्थित रहा।

अज्ञात वाहन ने रौंदा, युवक की मौत

जबलपुर। बरगी थाना अंतर्गत घाटी के नीचे एनएच 34 ग्राम सिलुआ के पास अज्ञात वाहन ने बाइक चालक को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौत हो गई।

घाटी के नीचे एनएच 34 में हादसा

वहीं आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक शिवजी उइके 45 वर्ष निवासी ग्राम खमरा थाना धूमा जिला सिवनी ने बताया कि उसका पुत्र सचिन 23 वर्ष अपनी मोटर सायकिल से शाम 6 बजे मामा के गॉव ग्राम धवई बम्हनी थाना बरगी के लिये निकला था। रमनपुर घाटी के नीचे एनएच 34 ग्राम सिलुआ के पास अज्ञात वाहन ने बेटे की बाइक में टक्कर मार दी । सड़क दुर्घटना में आई चोटों के कारण उसके बेटे को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया ।

IndusInd Bank

पंजीकृत कार्यालय: 2401, जनरल थिम्मय्या रोड, छावनी, पुणे–411 001.
वेबसाइट: www.indusind.bank.in | सीआईएन: L65191PN1994PLC076333

शाखा स्थानांतरण सूचना

हम निम्नलिखित शाखा को नए पते पर स्थानांतरित कर रहे हैं।

शाखा का नाम / कोड	अहिंसा चौक / 1088
पुराना पता	इंडसइंड बैंक लि., बालाजी आर्केड, प्लॉट नं. 02, स्वामी विवेकानंद वार्ड नं. 21, अहिंसा चौक स्थित, विजयनगर, जबलपुर, मध्य प्रदेश – 482 002
पुरानी शाखा में बैंकिंग और लॉकर सेवाएँ इस दिनांक तक उपलब्ध हैं	24 अप्रैल, 2026
नया पता	ग्राउंड फ्लोर, प्लॉट नं. 4A, एकता चौक, अहिंसा चौक के पास, विजयनगर, जबलपुर, मध्य प्रदेश – 482 002
नई शाखा के पते पर बैंकिंग और लॉकर सेवाएँ इस दिनांकसे आरंभ होगी	27 अप्रैल, 2026

सभी शाखा ग्राहकों को विस्तृत सूचना भेजी जाएगी।
सहायता के लिए, कृपया निम्नलिखित प्रतिनिधियों से संपर्क करें।

कुलदीप शर्मा (बी.एम)	9993932459	anmp@indusind.com
पल्लवी गोस्वामी (डी.बी.एम)	8839630442	anmp@indusind.com

इंडसइंड बैंक लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षर/–
अधिकृत हस्ताक्षरी

स्थान: मुंबई
दिनांक: 9 फ़रवरी, 2026

अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, एसोशिएट डीलरः पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 7999328251, गढ़: अंबे मोटर्स, 9752666969, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, मड़वास: ओम मोटर्स, 9009066959, मझौली: न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह: इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.

RS/Hero/06/25

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57